Q-1 **GHS PATTANCHERY**

PRE- MODEL EXAMINATION 2018

CLASS:10 **HINDI** **TIME:45mints**

MARK:20

सूचनाः कविता पढें और 1 से 3 तक के प्रशनों के उत्तर लिखें।

बार बार आती है मुझको
मधुर याद बचपन तेरी।
गया ले गया तू जीवन की
सबसे मस्त खुशी मेरी।
चिंतारहित खेलना खाना
वह फिरना निर्भय स्वच्छंद।
कैसे भूला जा सकता है
बचपन का अतुलित आनंद।

1. इस कविताँश केलिए उचित शीर्षक दें। (1)
2. यह आशयवाली दो पंक्तियाँ कविताँश से चुनकर लिखें।
   'ज़िंदगी की सारी खुशियाँ बचपन ले जाती है'। (2)
3. इस कवितांश का आशय लिखें। (3)

सूचना :जैसलमेर यात्रावृत्त का यह अंश पढ़ें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

एक दुकान के बाहर मैंने देखा,

"थैंक यू लोनली प्लैनेट फॉर मेकिंग अस अनइम्पलाँइड़"। पता चला कि दुनिया भर में चर्चित पर्यटक गाइड लोऩली प्लैनेट में किसीने इस जगह के बारे में कुछ खराब लिखा दिया है। इसलिए विदेशी पर्यटकों का यहाँ आना कम हो गया है।

4. यहाँ किस सामाजिक समस्या के बारे में चर्चा हुई है ? (1)
   (बेकारी, प्रदूषण, भ्रष्टाचार)
5. "थैंक यू लोनली प्लैनेट फॉर मेकिंग अस अनइम्पलांइड व्यवसाइयों की इस प्रतिक्रिया पर आपका विचार क्या है? (2)
6. इस खंड के आधार पर लेखक और व्यवसायी के बीच का संभावित वार्तालाप तैयार करें। (4)

सूचना: 'टूटा पहिया 'कविता का यह अंश पढें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें'।

अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी
बड़े-बड़े महारथी
अकेली निहत्थी आवाज़ को
अपने ब्रह्मास्त्रों से कुचल देना चाहें
तब मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया
उसके हाथों में
ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ।

7. कौन ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता है? (1)

(महारथी, टूटा पहिया, रथ)

8. कवितांश के आधार पर सही मिलान करें। (3)

टूटा हुआ	महारथी
निहत्थी	पहिया
असत्य पक्ष	आवाज़

9. 'टूटा पहिया उपेक्षित सामान्य मनुष्य का प्रतीक है।' कवितांश के आधार पर टिप्पणी लिखें। (3)

****